(73)

मंडल कार्यालय आदेश - 33/2024

पत्र सं.849-W/10/Safety/2024/M-1/X दिनांक -08.10.2024

समस्त मुख्य लोको निरीक्षक
एवं मुख्य क्र्यू नियन्त्रक
जोधपुर एंव मेडता रोड
समस्त लोको पायलट ,लोको पायलट शंटर एवम् सहायक लोको पायलट

विषय:- **स.नि.17.09(5)(3) ऊपरी उपस्कर के ट्रिपिंग / नो टेन्शन होने की स्थिति में ट्रेन मेनेजर व लोको पायलट का कार्य एवं उनकी जिम्मेदारी-**

(i) ऊपरी उपस्कर (OHE) में क्षणिक ट्रिपिंग होने की स्थिति में लोको पायलट सामान्य कर्षण ग्रहण करेगा और पास वाली लाइन / लाइनों पर भी इस आशय से अपनी तेज नजर रखेगा कि कहीं कोई अनियमितता / रुकावट तो नहीं, और वॉकी-टॉकी या सीटी कोड द्वारा ऊपरी उपस्कर(OHE) में ट्रिपिंग के बारे में गार्ड को सूचना देगा। गाडी का गार्ड अपनी गाड़ी के बाहर किसी असामान्यता के लिए देखेगा। सहायक लोको पायलट को अपनी गाड़ी में किसी भी असामान्यता के लिए पीछे देखना चाहिये।

(ii) ऊपरी उपस्कर(OHE) में यदि टेन्शन नहीं है और नो टेन्शन लगातार रहता है तो चालक को तुरन्त अपने लोको की फ्लैशर लाइट का स्विच ऑन कर देना चाहिए और अपनी गाड़ी की गति को नियंत्रित करेगा (जो रात्रि में 60 कि.मी.प्र.घ. से अधिक नहीं होगी ताकि किसी भी रुकावट से पहले गाड़ी को रोकने में समर्थ हो और अपनी गाड़ी को पहले आपातकालीन सॉकेट के पास रोकेगा जहाँ से वह ट्रैक्शन पॉवर कंट्रोलर / कंट्रोल से ऊपरी उपस्कर(OHE) में नो टैन्शन के कारण जानने के लिए बात करेगा। चालक दल को नियंत्रक के निर्देशानुसार कार्य करना चाहिए।

(iii) यदि ट्रैक्शन पॉवर कंट्रोलर / नियंत्रक से तुरन्त बात करना संभव नहीं हो तो चालक अपने सहायक चालक को नीचे उतार कर नियुक्त करेगा और इंजन सहित अपनी गाडी में किसी प्रकार की असामान्यता और खराबी की गार्ड के साथ जाँच करेगा। गाड़ी की जाँच हो जाने के पश्चात् लोको पायलट / गार्ड उस खराबी एवं किसी प्रकार की सहायता जो चाहिए के लिए अन्य लाइनों के आपात टेलीफोन, वाकी-टाकी, समपार फाटक टेलीफोन या दूसरी दिशा की गाड़ी के द्वारा या किसी अन्य संचार साधनों द्वारा खंड नियंत्रक को सूचित करेगा और खंड नियंत्रक के निर्देशानुसार कार्य करेगा। ऐसी स्थिति में जब उसकी गाड़ी में कोई असामान्यता नहीं मिलती है, चालक को लोको फ्लैशर लाइट का स्विच ऑफ कर देना चाहिए।

(iv) इस समयावधि में यदि ऊपरी उपस्कर(OHE) में पॉवर की सप्लाई चालू हो जाती है और लोको पायलट को सप्लाई चालू होने का पता चलता है तो वह सामान्य कर्षण ग्रहण करेगा।

सभी कर्मचारियों को जिस सेक्शन पर उन्हें काम करना है उन सभी टीपीसी/टीएलसी के लैंडलाइन बीएसएनएल/एमटीएनएल और मोबाइल नंबरों का ध्यान होना चाहिए, तेज संचार के उद्देश्य से इन नम्बरों को अपने मोबाइल फोन में सेव कर लेना चाहिए।

सभी मु.लोको निरीक्षको को इसमें निहित निर्देशों के अलावा इससे सम्बन्धित जी एंड एसआर, ऑपरेटिंग और एसीटीएम के अन्य निर्देशों को भी क्रू को काउन्सलिंग कर रिपोर्ट मंडल कार्यालय में जमा करे ।

8/10/24
वरी.मंडल यांत्रिक इंजी. (Enhm&P)
उ.प. रेलवे ,जोधपुर

प्रतिलिपि -मंडल रेल प्रबन्धक,जोधपुर -सादर सूचनार्थ
अपर मंडल रेल प्रबन्धक (OP), जोधपुर सादर सूचनार्थ
स.म.या.इंजी.(शक्ति),जोधपुर, आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ